Regarding need to make public the study report by NEERI, Nagpur on environmental issues within Raipur, Chhattisgarh-Laid

श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) : 131 नॉन अटेन्मेंट सिटीज में से सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही 3 शहर हैं - रायपुर, कोरबा और भिलाई । वैसे तो प्रदूषण के मामले में रायगढ़ और जांजगीर - चाम्पा की स्थिति भी अच्छी नहीं है । रायपुर के बाहरी इलाके में स्थित सिलतरा, उरला और बोरझरा औद्योगिक क्षेत्र प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के रूप में उभरे हैं । भारी उद्योगों के इस संकेन्द्रण ने प्रदूषण का एक व्यापक तूफान खड़ा कर दिया है, जिसका स्थानीय आबादी के स्वास्थ्य और आजीविका पर बुरा असर पड़ रहा है । छत्तीसगढ़ पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, नागपुर स्थित नीरी को रायपुर के 142 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का व्यापक अध्ययन करने का निर्देश दिया था । उक्त रिपोर्ट की प्रति को सार्वजनिक किया जाए एवं और इस रिपोर्ट की अनुशंसाओं के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई के ब्यौरे की प्रति साझा की जाए । केंद्र सरकार पूरे राज्य की एक और ऐसी रिपोर्ट बनवाने की अनुशंसा करे ताकि राज्य को नए सिरों से वर्ष 2025 तक के मानकों का पता लग पाए । माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री जी उक्त सम्बन्ध में हस्तक्षेप करते हुए कार्यवाही करें, ताकि सभी छत्तीसगढ़ के निवासी स्वच्छ हवा में सांस ले पाएं, साफ़ पानी पी पाए ।